Nai Dunia (Indore), 01st March 2021, Page-5

# विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने रवाना हुई विज्ञान बस

इंदौर। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (आइआइटी) इंदौर, विज्ञान भारती और मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा 11 से 13 मई को मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन एवं प्रदर्शनी-2021 का आयोजन किया जाना है। इसके पहले रविवार को विज्ञान बस प्रदर्शित की गई। परिसर में स्कूली बच्चों को आमंत्रित किया गया था। विद्यार्थियों को विज्ञान बस में लगे विज्ञान के विभिन्न प्रयोग बताए गए। बस को प्रदेश के 52 जिलों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए रवाना किया गया। आइआइटी परिसर में हुए कार्यक्रम में प्रदेश के जल संसाधन एवं मछुआ कल्याण मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, भारत सरकार के एसटीपीआइ के महानिदेशक डा. ओमकार राय, आइआइटी इंदौर के कार्यवाहक निदेशक प्रो. निलेश कुमार जैन, विज्ञान भारती के प्रजातंत्र गंगेले सहित संस्थान के कई सदस्य मौजूद थे।